

# आज होगी राजस्थान और मुंबई के बीच टक्कर



## राजस्थान की नजर लगातार तीसरी जीत पर

**गुवाहाटी, 06 अप्रैल इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मंगलवार को बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाला मुकाबला रोमांचक होने की पूरी उम्मीद है.**

एक ओर राजस्थान लगातार जीत से आत्मविश्वास से भरी हुई है, तो दूसरी ओर मुंबई इंडियंस पिछली हार से उबरकर टूर्नामेंट में लय हासिल करने की कोशिश करेगी. राजस्थान रॉयल्स इस मुकाबले में शानदार फॉर्म के साथ उतर रही है. टीम ने अपने पिछले मैचों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे साफ है कि वह इस सीजन में एक नई पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है. कप्तान रियान पराग के नेतृत्व में टीम संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखा रही है. बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल ने टीम को तेज शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है. उनकी आक्रामक शैली ने पावरप्ले में विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया है. वैभव सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने टीम को अतिरिक्त मजबूती दी है. मध्यक्रम में ध्रुव जुरेल ने समझदारी से पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने अंत में तेजी से रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया है. रियान पराग खुद भी बल्लेबाजी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और जरूरत के समय टीम को स्थिरता प्रदान करते हैं. निचले क्रम में रवींद्र जडेजा की मौजूदगी टीम को अतिरिक्त गहराई देती है, जिससे राजस्थान हर स्थिति में प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सक्षम दिखती है.

> फिनिशिंग में हार्दिक पांड्या की भूमिका बेहद अहम होगी, जबकि शेरफेन रदरफोर्ड और मिशेल सैंटनर टीम को अतिरिक्त संतुलन प्रदान करते हैं। शार्दुल ठाकुर का योगदान भी निचले क्रम में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह मुंबई के सबसे बड़े हथियार हैं, खासकर डेथ ओवरों में। ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर नई गेंद से स्विंग के जरिए शुरुआती विकेट दिलाने में सक्षम हैं। मध्य ओवरों में मिशेल सैंटनर और मयंक मार्कंडे स्पिन आक्रमण को मजबूती देते हैं। यह मुकाबला दो अलग-अलग टीम संरचनाओं के बीच दिलचस्प टक्कर पेश करता है। राजस्थान युवा जोश और उभरती प्रतिभाओं के दम पर आगे बढ़ रही है.

मुंबई इंडियंस एक ऐसी टीम है जो अपने अनुभव और गहराई के लिए जानी जाती है. कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में टीम इस मैच में वापसी के इरादे से उतरेगी. हाल के मैचों में भले ही टीम का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा हो, लेकिन मुंबई जैसी टीमों को कम आंकना हमेशा जोखिम भरा होता है. बल्लेबाजी में रोहित शर्मा टीम को मजबूत शुरुआत देने की क्षमता रखते हैं. सूर्यकुमार यादव अपनी अनोखी बल्लेबाजी शैली से किसी भी समय मैच का रुख बदल सकते हैं.

## हार्दिक पंड्या ने नेट्स पर किया अभ्यास

**गुवाहाटी.** खराब स्वास्थ्य के कारण पिछला मैच नहीं खेलने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ होने वाले मैच से पहले रविवार को यहां नेट पर अभ्यास किया. वार्म अप करने के बाद फिजियो नितिन पटेल की निगरानी में हार्दिक ने गेंदबाजी शुरू की और खाली नेट्स में अच्छी स्पीड के साथ यॉर्कर फेंके. इस दौरान बल्लेबाजी कोच कायरन पोलार्ड भी उन पर नजर रखे हुए थे. इसके बाद हार्दिक ने बल्लेबाजी अभ्यास भी किया और गेंद उनके बल्ले के बीच में आती दिखती रही. हार्दिक अभ्यास सत्र के दौरान बेहतरीन लय में दिखें और मंगलवार को उनकी वापसी हो सकती है.

# संजू- बुमराह 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई. भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइज़न को मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है.**

वहीं महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका इस दौड़ में शामिल हैं. आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के आखिर में सैमसन की जबरदस्त फॉर्म, ने उन्हें 'प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिलाया. फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे जसप्रीत बुमराह भी इस दौड़ में शामिल है. नए खिलाड़ी एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड में अपनी शानदार टी-20 डेब्यू सीरीज के बाद इस शॉर्टलिस्ट में अपनी जगह बनाई है; इस सीरीज़ में उन्होंने अपने देश के किसी भी खिलाड़ी के मुकाबले पांच टी-20 मैचों के बाद सबसे बेहतरीन आंकड़े दर्ज किए.



> इस दौरान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 मैचों में केर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ़ द मंथ अवॉर्ड जीतने का मजबूत दावेदार बना दिया है, जबकि मूनी ने भी भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों प्रारुपों में बेहतरीन प्रदर्शन किया. खाका न्यूजीलैंड में हुई टी-20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं, जिसके बाद उन्होंने पहले एकदिवसीय में भी शानदार प्रदर्शन किया था.

# अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने संग्राम

**ब्यूनस आयर्स, 06 अप्रैल. जब रविवार की रात को पूरा भारत सो रहा था, तब एमएमए का आइकन संग्राम सिंह ब्यूनस आयर्स में इतिहास रच रहा था. उन्हें अर्जेंटीना में एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव हासिल हुआ.**

उम्र में 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को उन्होंने यहां बयूनस आयर्स के खचाखच भरे टिगरे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में महज एक मिनट 45 सेकंड में धराशायी कर दिया. तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट्रिक भी पूरी कर ली. इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ. उन्होंने कहा कि जीत के बाद उन्हें देश विदेश से बधाई संदेशों का तांता लग गया. संग्राम सिंह प्रोफेशनल कुश्ती में वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन भी रह चुके हैं.

खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे. कॉम्पीटिशन से दो दिन पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 600 ग्राम अधिक था. दिन भर उन्होंने अपने कोच के साथ कड़ी मेहनत की. खूब पसीना बहाया. दिन भर में आधा गिलास पानी पीया. संग्राम सिंह 83 किलो वजन में उतरे जहां दो किलो की छूट थी. संग्राम सिंह ने कहा कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से बड़ा दबाव महसूस कर रहे थे. इस अवसर पर मौजूद भारतीय राजदूत और उनके बेटे ने भी इस जीत के बाद बेहद भावुक होकर उन्हें बधाई दी. उस समय पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा था. स्टेडियम के एक कोने से भारत माता की जय के भी नारे लग रहे थे. संग्राम ने कहा कि मुझे भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि पूरा स्टेडियम मेरी फाइट के दौरान मुझे ही क्यों चीयर-अप कर रहा है. मुकाबले के शुरू में संग्राम के एक पंच को फ्लोरियन ने अपने चेहरे पर लगने से बचा लिया. वह पंच उनके कंधे पर लगा. इसके जवाब में फ्लोरियन ने पसलियों पर किक से प्रहार किया. वहीं संग्राम की ओर से भी भी किक से ही जवाबी हमला देखने को मिला.



> इस तरह संग्राम ने अपनी तीसरी एमएमए फाइट को भी सहजता के साथ जीता. पाकिस्तानी फाइटर को उन्होंने 90 सेकंड में हराया था जबकि दूसरी फाइट को उन्होंने दूसरे राउंड में जीता था. संग्राम ने कहा कि अब वह काफी हल्का महसूस कर रहे हैं. दिमाग का सारा बोझ दूर हो गया है. सुबह उठकर उन्होंने जल नीति की. प्राणायाम और योग किया. सूर्य देवता को जल चढ़ाया. हनुमान चालीसा का पाठ किया. वह सब उनके बहुत काम आया. अपनी कामयाबी का श्रेय उन्होंने योग और प्राणायाम को दिया.

> जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा. दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए जीत-हार कोई मायने नहीं रखती. मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं. मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन की कोई उम्र नहीं होती. जैसा कि प्रधानमंत्रीजी अक्सर कहते हैं कि ऊंचे सपने देखो और उनको साकार करने में जुट जाओ. मेरा भी अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ. उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं. वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे.

### एक नजर में




## आंध्र ओपन का उद्घाटन संस्करण आज से

**विशाखापत्तनम.** डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मान्यता एवं संचालन संस्था है, ने आंध्र ओपन के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की है. यह टूर्नामेंट 7 से 10 अप्रैल, 2026 तक विशाखापत्तनम के ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में खेला जाएगा. प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है. आंध्र ओपन 2026 को मेजबान स्थल ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब (ईपीजीसी) और इवेंट पार्टनर आंध्र प्रदेश गोल्फ एसोसिएशन (एपीजीए) का समर्थन प्राप्त है. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख भारतीय पेशेवर खिलाड़ियों में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट के अग्रणी सप्तक तलवार, वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंधास, अंगद चीमा, हनी बैसोया और अजीतेश संधू शामिल हैं. अंगद चीमा ने वर्ष 2024 में ईपीजीसी में जीत दर्ज की थी.

## पर्पल कैप तालिका में बिश्नोई शीर्ष पर

**बेंगलुरु.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सभी टीमों के दो-दो मैच पूरे हो चुके है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) तथा चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए तीन-तीन मैच खेले है. ऑरेंज कैप की दौड़ में जहां समीर रिजवी तथा पर्पल कैप की तालिका रवि बिश्नोई शीर्ष पर है. आईपीएल के इस सत्र में अभी तक सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज सबसे आगे चल रहे है. दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के नंबर 4 के बल्लेबाज रिजवी ने दोनों ही मौकों पर लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी की और दोनों ही बार अपनी टीम को मैच जिताया. पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाकर (नाबाद), और दूसरी बार मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन बनाकर. इन दोनों ही पारियों के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ़ द मैच' का अवॉर्ड भी मिला, जिससे उनका नाम एक खास लिस्ट में शामिल हो गया है. इस सूची में रिजवी के 160 रनों से थोड़ा ही नीचे एसआरएच के हेनरिक क्लासेन के 145 रन हैं. हालांकि उन्होंने ये रन तीन पारियों में बनाए हैं. उन्होंने 31, 52 और 62 रन बनाए हैं, और उनका कुल स्ट्राइक रेट 48 .33 रहा है. इस मामले उनके ठीक पीछे 113 रनों के साथ मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा हैं.



## हैदराबाद में खेली जायेगी रग्बी प्रीमियर लीग



**नयी दिल्ली.** हैदराबाद में 16 से 28 जून तक रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जायेगा. आज जीएमआर स्पोर्ट्स ने, इस खेल की राष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी, रग्बी इंडिया के साथ साझेदारी में घोषणा करते हुए कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का दूसरा संस्करण 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबोवली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा. रग्बी प्रीमियर लीग के इस सत्र में तेज-तर्रार रग्बी 7एस प्रारुप में वापस आ रही है. दूसरे एडिशन में पहले एडिशन की छह फ्रैंचाइजियां शामिल होंगी. इस अवसर पर हैदराबाद में लीग का स्वागत करते हुए तेलंगाना सरकार के (युवा उन्नति, पर्यटन और संस्कृति और खेल विभाग) के विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन ने कहा: 'एक वैश्विक खेल डेस्टिनेशन के रूप में हैदराबाद का उभरना तेलंगाना के लंबे समय के नीतिगत विज़न और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के लिए संस्थागत समर्थन को दर्शाता है.



## एशियन बॉक्सिंग प्रीति, प्रिया और अरुंधति फाइनल में

**उलानबटार, 06 अप्रैल भारत की बैंटमवेट की जबरदस्त मुक्केबाज प्रीति पवार ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक्स की ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट कोरिया की एजी इम को हराकर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 के 54किग्रा एलीट महिला फाइनल में अपनी जगह पक्की की.**

भारतीय महिला टीम की प्रिया और अरुंधति चौधरी भी उलानबटार में अपने-अपने सेमीफाइनल में विरोधियों को आसानी से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रीति के साथ शामिल हुईं. महिलाओं के 54 किग्रा सेमीफाइनल में, वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स की गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति ने शांत और जबरदस्त प्रदर्शन किया, इम के खिलाफ तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5:0 से जीत हासिल की. अब उनका सामना चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन से होगा, जो तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन (2019, 2023, 2025) और टोक्यो 2020 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट हैं. यह एक बड़ा गोल्ड मेडल मुकाबला होगा.

### प्रिया ने नामुन मोनखोर को 5-0 से हराया

महिलाओं की 60किग्रा कैटेगरी में, प्रिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामुन मोनखोर (मंगोलिया) को 5-0 के एकमत फैसले से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. अब उनका मुकाबला टाइटल बाउट में नॉर्थ कोरिया की उन ग्योंग वोन से होगा. महिलाओं की 65किग्रा कैटेगरी में, अंकुशिता बोरो सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की निएन-चिन चेन, जो पेरिस ओलंपिक की ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट हैं, से 0-3 से हार गईं. पहले राउंड के बाद पावर सप्लाई की दिक्कत की वजह से बाउट रुक गई, जिसके बाद पॉइंट्स के आधार पर नतीजा तय किया गया.

## ब्लैंका व्लासिक को टीसीएस वर्ल्ड 10के का एंबेसडर किया नियुक्त

**बेंगलुरु.** वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु 2026 के प्रमोटर, प्रोकैम इंटरनेशनल ने सोमवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दो बार की विश्व चैंपियन ब्लैंका व्लासिक को 26 अप्रैल को होने वाले के आगामी संस्करण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा का एंबेसडर नियुक्त किया है. एथलेटिक्स के इतिहास की सबसे कामयाब हाई जंपर्स में से एक, व्लासिक को लगातार बेहतरीन प्रदर्शन और सबसे ऊंचे स्तर पर मिली सफलता के लिए जाना जाता है. उन्होंने बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता और उसके बाद रियो 2016 ओलंपिक में कांस्य पदक जीता.

# सीजन की मज़बूत शुरुआत पर भारतीय शूटर्स की नजरें

**ग्रेनाडा (स्पेन), 06 अप्रैल. भारतीय शूटर्स की नजरें इंटरनेशनल राइफल/पिस्टल सीजन की मज़बूत शुरुआत पर होंगी, क्योंकि वे मिक्स्ड टीम इवेंट्स कल (7 अप्रैल) को यहां लास गैबियास शूटिंग रेंज में ग्रेनाडा में आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप की शुरुआत करेंगे.**

10मी एयर राइफल और 10मी एयर पिस्टल में मिक्स्ड टीम इवेंट्स के मेडल कल तय किए जाएंगे. कॉम्पिटिशन 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम के क्वालिफिकेशन के साथ 12:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम सुबह 9:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 16:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 1 बजे) तय है. 10मी एयर राइफल मिक्स्ड टीम के लिए क्वालिफिकेशन 15:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 12:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 19:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम शाम 4 बजे) तय है. पिस्टल इवेंट में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन पलक गुलिया, 25मी पिस्टल में 2024 जूनियर वर्ल्ड चैंपियन मुकेश नेलावल्ली के साथ जोड़ी बनाएंगी, जबकि 2025 वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट संयम, उज्ज्वल मलिक के साथ जोड़ी बनाएंगे. उनका मुकाबला इस डिसिप्लिन के कुछ जाने-माने शूटर्स से होगा, जिसमें मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन शामिल हैं. चीन, जिसने नई दिल्ली में एशियन चैंपियनशिप छोड़ दी थी, ने सीजन के अपने पहले इवेंट में दो वर्ल्ड क्लास जोड़ियों को उतारा है. दूसरी खास जोड़ियों में पेरिस ओलंपिक्स के सिल्वर मेडलिस्ट सेवल इलायडा तरहान और तुर्की के यूसुफ डिकेक, सर्बिया के ज़ोराना अरुणोविच और दामिर मिकेक, हंगरी के वेरोनिका मेजर और अकोस कैरोली नैगी और जर्मनी के क्रिश्चियन रीट्ज़ और स्वेनजा बर्ज शामिल हैं.




### सबसे बड़ी चुनौती करेंगे पेश

मौजूदा मिक्स्ड टीम वर्ल्ड चैंपियन हू काई और याओ कियानक्सुन और पेरिस ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट ज़ी यू के साथ 21 साल के पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट शेन यियाओ बाकी फील्ड के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश करेंगे.

**बड़ा फैसला** ▶ सीरी ए में उलटफेर भरे मुकाबले, खराब प्रदर्शन के बाद कोचिंग बदलाव

# कोरिंथियंस ने खराब प्रदर्शन के बाद कोच डोरिवल को हटाया

**रियो डी जनेरियो, 06 अप्रैल. ब्राजील की सीरी ए में रविवार को खेले गए मुकाबलों में फ्लेमेंगो ने शानदार वापसी करते हुए सैंटोस को 3-1 से हराया, जबकि कोरिंथियंस ने लगातार खराब प्रदर्शन के बाद अपने मुख्य कोच डोरिवल जूनियर को पद से हटा दिया.**



ब्राजील की शीर्ष फुटबॉल लीग सीरी ए में रविवार का दिन रोमांच और बड़े फैसलों से भरा रहा. रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में फ्लेमेंगो ने दमदार वापसी करते हुए सैंटोस को 3-1 से हराया. मैच की शुरुआत सैंटोस के पक्ष में रही. अर्जेंटीना के फॉरवर्ड लुटारो डियाज ने लंबी दूरी से शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई. पहले हाफ में फ्लेमेंगो बराबरी नहीं कर सका और उसे दबाव का सामना करना पड़ा. दूसरे हाफ में फ्लेमेंगो ने आक्रामक खेल दिखाया. पेड्रो ने जॉर्ज कैरास्कल के क्रॉस पर हेडर लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया. इसके बाद टीम का आत्मविश्वास बढ़ता गया. 71वें मिनट में जॉर्जिनहो को पेनल्टी का मौका मिला, जिसे उन्होंने आसानी से गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई. इसके बाद मैच पूरी तरह फ्लेमेंगो के नियंत्रण में आ गया. अंतिम क्षणों में लुकास पाकेटा ने गोंजालो प्लाटा के साथ शानदार तालमेल दिखाते हुए 18 यार्ड से जोरदार शॉट लगाकर तीसरा गोल किया और टीम की जीत पक्की कर दी. इस जीत के साथ फ्लेमेंगो अंक तालिका में 17 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है और उसकी स्थिति मजबूत हो गई है.

डोरिवल जूनियर का कोचिंग करियर लंबा और अनुभव से भरा रहा है. पिछले साल अप्रैल में नियुक्ति के बाद उनके मार्गदर्शन में टीम ने 26 मैच जीते, 19 ड्रॉ खेले और 18 में हार का सामना किया. उन्होंने अपने 24 साल के करियर में सैंटोस, फ्लेमेंगो, फ्लुमिनेंस, पाल्मेरास और साओ पाउलो जैसे बड़े क्लबों के साथ-साथ ब्राजील की राष्ट्रीय टीम को भी कोचिंग दी है. सीरी ए का यह चरण यह दिखाता है कि जहां कुछ टीमें शानदार फॉर्म में हैं, वहीं कुछ टीमें संघर्ष कर रही हैं और बदलाव के लिए मजबूर हैं.

> अन्य मुकाबलों में ग्रेमियो को 10 खिलाड़ियों वाली टीम रेमो ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया. ब्रागांटिनो ने मिरासोल को 1-0 से हराया. इंटरनैशनल ने कोरिंथियंस को 1-0 से हराया. एटलेटिको मिनेइरो ने एटलेटिको परानाएन्से को 2-1 से हराया, जबकि पाल्मेरास ने बाहिया को 2-1 से पराजित किया. दूसरी ओर, कोरिंथियंस ने खराब प्रदर्शन के चलते अपने मुख्य कोच डोरिवल जूनियर को हटा दिया है. यह फैसला इंटरनैशनल के खिलाफ 1-0 की हार के बाद लिया गया. इस हार के बाद टीम अंक तालिका में 16वें स्थान पर पहुंच गई है. टीम ने 10 मैचों में केवल दो जीत दर्ज की हैं, जो निराशाजनक प्रदर्शन को दर्शाता है.